अति–आवश्यक

राजस्थान सरकार
आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर ।

क्रमॉकः–एफ (   )अकाद / आकाशि / 2019 / 974   दिनांक :–15 जून 2020

समस्त प्राचार्यगण
राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान ।

विषयः–**ग्रीष्मावकाश समाप्ति के पश्चात् प्रारम्भ होने वाली गतिविधियों के सम्बन्ध में ।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि :–

1. राजकीय महाविद्यालयों में प्रोविजनल प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी हैं एवं प्रवेश सम्बन्धी कार्य आयुक्तालय द्वारा समय समय पर जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप सम्पादित किया जाना सुनिश्चित करें।

2. राजकीय महाविद्यालय में कार्यरत समस्त सहायक / सह आचार्य माह जुलाई में पढ़ाये जाने वाले पाठ्यक्रम के अन्तर्गत दिये गये टॉपिक्स के अनुसार प्रत्येक दिवस एक व्याख्यान रिकार्ड करेगें व उसे अपने महाविद्यालय के पूर्व में बनाये गये यू–ट्यूब चैनल पर अपलोड़ करेगें । इन व्याख्यानों को नवीन सत्र 2020–2021 में विद्यार्थियों के हितार्थ एवं उपयोगार्थ किया जायेगा । यह प्रक्रिया भविष्य में शैक्षणिक सत्र के लिये सतत् रूप से जारी रखी जावे ।

3. मानसून सत्र प्रारम्भ होने जा रहा है, महाविद्यालय में वृक्षारोपण प्रारम्भ करने की तैयारियों सुनिश्चित करें तथा उसकी रिपोर्ट आयुक्तालय को ई–मेल द्वारा भिजवाया जाना सुनिश्चित करें ।

4. महाविद्यालय में दान में प्राप्त पुस्तकों का संधारण करते हुये व्यवस्थित रखने की व्यवस्था सुनिश्चित की जावे एवं भामाशाहों एवं इसमें रूचि रखने वाले दानदाताओं को पूर्व की भांति शैक्षणिक पुस्तकें दान करने हेतु प्रेरित करते रहें ।

5. आकाशि कलेण्डर में महत्वपूर्ण शैक्षणिक गतिविधियों को क्रियान्वित करते रहें एवं आगामी शैक्षणिक सत्र में भी इनको संचालित करते रहें ।

6. प्रारम्भ होने वाले शैक्षणिक सत्र हेतु नवीन पाठ्यक्रम बनाने की रूप रेखा तैयार करें एवं नवीन समयसारिणी को आवश्यक रूप से महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जाना सुनिश्चित करें ।

7. **WAKE UP Programme** के अन्तर्गत प्रश्न पत्र हल करें ।

(प्रदीप कुमार बोरड़)
आयुक्त, कॉलेज शिक्षा
जयपुर, दिनांक :–15 जून 2020

क्रमॉक–एफ (   )अकाद / आकाशि / 2019 / 974

प्रतिलिपि – वैब प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर को अपलोड हेतु प्रेषित है ।

15/6/2020

(डॉ0 दीपक मेहरा)
संयुक्त निदेशक (अकादमिक)
कॉलेज शिक्षा